बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए NSW Health (एनएसडब्ल्यू हेल्थ) की प्रतिबद्धता

(NSW Health's commitment to keep children and young people safe)

NSW Health में, हम चाहते हैं कि प्रत्येक बच्चा और युवा जब किसी स्वास्थ्य सेवा में आए या हमारी देखभाल में हो तो वह सुरक्षित, सम्मानित और स्वागतमय महसूस करे। हम 10 बाल सुरक्षा मानकों का उपयोग कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित कर सकें कि स्वास्थ्य सेवाएं बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षित और अनुकूल स्थान हों।

हम जानते हैं कि बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखना एक ऐसी चीज है जिस पर हमें हमेशा काम करना होगा। अतीत में जो कुछ हुआ है हम उससे सीख रहे हैं और अपना काम बेहतर करने के लिए बदलाव कर रहे हैं।

बाल सुरक्षा के लिए इस प्रतिबद्धता को लिखने में हमारी मदद करने के लिए, हमने बच्चों और युवाओं से पूछा कि उनके लिए क्या मायने रखता है। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि वयस्क उनकी बात सुनें, उनकी देखभाल के बारे में निर्णय लेने में उन्हें शामिल करें तथा उनके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करें। वे यह भी जानना चाहते हैं कि यदि वे असुरक्षित महसूस करते हैं तो वे अपनी बात कैसे रख सकते हैं, तथा यदि वे ऐसा करते हैं तो उन्हें गंभीरता से लिया जाए।

NSW Health क्या करेगा

हम निम्न काम करेंगे:

- आपके अधिकारों का समर्थन करना, जैसे कि सुरक्षित महसूस करने, आपकी बात सुने जाने और विनम्रतापूर्वक व्यवहार किए जाने के अधिकार।
- किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार, नुकसान, नस्लवाद (रेसिज़्म) या अनुचित व्यवहार न होने देना।
- यह सुनिश्चित करना कि स्वास्थ्य सेवाएं एबोरिजनल (आदिवासी) बच्चों और युवाओं की देखभाल इस प्रकार से करती हैं जिनसे आदिवासी लोगों के जानने, कार्य करने और रहन-सहन के तरीकों का सम्मान हो।
- सुनिश्चित करना कि स्वास्थ्य सेवाएं विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों से सम्बन्धित बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षित और स्वागतमय हों।
- यदि आप विकलांग हैं तो सुनिश्चित करना कि स्वास्थ्य सेवाएं सुरक्षित हों और उपयोग करने में आसान हों।
- सुनिश्चित करना कि स्वास्थ्य सेवाएं LGBTQIA+ समुदाय के सभी बच्चों और युवाओं के लिए स्वागतमय हों।
- हमारे कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करना ताकि उन्हें यह पता हो कि बच्चों और युवाओं को कैसे सुरक्षित रखना है।
- सुनिश्चित करना कि हमारे लीडर (मार्गदर्शक) एक अच्छी मिसाल पेश करते हैं और सुरक्षा संबंधी चिंताएँ होने पर तुरंत कार्रवाई करते हैं।
- सुनिश्चित करना कि हमारे नियम और योजनाएं बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने में सहायक हों।

आप क्या उम्मीद कर सकते हैं

एक बच्चे या युवा के रूप में, आप निम्नलिखित की अपेक्षा कर सकते हैं:

- कर्मचारी आपकी बात सुनेंगे और आपके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करेंगे।
- आपकी देखभाल से संबंधित निर्णयों में आप अपनी बात रख पाएँगे।
- हम आपसे ऐसे तरीके से बात करेंगे जिन्हें आप समझ सकें।
- हम आपकी गोपनीयता का सम्मान करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी को सुरक्षित रखा जाता है। हम आपकी जानकारी को तब तक साझा नहीं करेंगे जब तक हमें आपकी स्वास्थ्य देखभाल के लिए या आपको सुरक्षित रखने के लिए ऐसा करने की आवश्यकता न हो।
- यदि आप असुरक्षित महसूस करते हैं तो आप अपनी बात कह सकते हैं और हम आपकी बात को गंभीरता से लेंगे तथा तुरंत कार्रवाई करेंगे।
- आपकी संस्कृति को आपके स्वास्थ्य और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण माना जाएगा।
- बच्चों और युवाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुरक्षित कैसे बनाया जाए, इस बारे में आप अपने विचार साझा कर सकते हैं।

नवंबर 2025 © NSW Health. SHPN (GR) 251028